# गाय व गरीब की सेवा में हमेशा अग्रणी रहे मगराज पाटोदिया : दयाशंकर जांगिड़



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** स्व. मगराज पाटोदिया का जन्म सात फरवरी 1922 को नवलगढ़ में एक साधारण वैश्य परिवार कन्हैयालाल पाटोदिया व सिनगारी देवी के घर हुआ।आपका विवाह 15 फरवरी 1944 को स्व. गोदावरी देवी से सम्पन्न हुआ। आपके दो सुपुत्र हैं। विजय पाटोदिया सूरत शहर में अपना व्यवसाय करते हैं।

छोटे पुत्र सुभाष पाटोदिया सूरत के उद्योगपति व प्रसिद्ध समाजसेवी हैं। आपके पुत्रियां व पोते - पोती भरा पूरा परिवार है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ दयाशंकर जांगिड़ ने बताया कि स्व. मगराज पाटोदिया एक निडर स्वतन्त्रता सेनानी, समर्पित समाजसेवी, निर्भय समाज सुधारक एवं जुझारू व्यवसायी थे।उनका जीवन दर्शन था नदेय न पलायनम न उन्होनें घुटने टेके और न कभी पीठ दिखाई। वे एक महारथी की भाँति मुसीबतों से जुझते रहे।आपदाओं से टकराते रहे।वे न कभी बिके, न कभी झुके, न कभी डरे, न कभी थके। वे अपने सिद्धान्तों पर अडिग अविचल रहे। नवलगढ़ में आजादी के आन्दोलन में सन 1939 में ही जुड़ गये। यहाँ प्रजामण्डल व आर्यसमाज की स्थापना की। जिनके द्वारा विभिन्न आन्दोलनों में सबका सहयोग लेकर नेतृत्व प्रदान किया। नवलगढ़ भी उस समय तीहरी गुलामी (जागीरदार, राज व अंग्रेज) से पीड़ित था। 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ। सारे देश मे तिरंगा लहराया गया था। नवलगढ़ में भी बाला किला पर मानव श्रृंखला को बनाकर रिछपाल झुन्झुनूवाला द्वारा झण्डा फहराया गया। आप स्व. केशरदेव मिन्तर, स्व. नाहरसिंह शेखावत, सांवरमलजी बासोतिया, दामोदर सोमानी, केशरदेव जांगिड, रामेश्वरजी चैधरी बाय के साथ रहकर राजनीतिक व सामाजिक जीवन सफलतापूर्वक बिताया।

समाज सुधारक के रूप मे उन्होनें हरिजन मौहल्लो में जाकर पाठशाला लगाई। स्कूल में पानी की टंकी का निर्माण भी करवाया।उनके साथी स्व. सत्यनारायण जीवराजका व स्वतन्त्राता सेनानी सांवलराम भारतीय भी हरिजन बच्चों की पाठशालायें लगाते थे। वे कुशल संगठनकर्ता थे। जिले की सारी राजनीति के वे केन्द्र बिन्दु रहे। कई सालों तक नवलगढ़ में सहकारी भण्डार का संचालन किया। सहकारी आन्दोलन से जुड़े रहे। कस्बे में खादी भण्डार व कस्तूरबा छात्रावास की स्थापना भी इन्होने कराई। नगरपालिका के पार्षद व उपसभापति भी रहे।

सन 1960 के बाद में वे बम्बई में अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर दिया। इसमें वे सफल हुए। आप राधेश्याम मुरारका, महावीर मुरारका व कमल मुरारका के भी अभिन्न साथी रहे। उन्होनें जिस तरह लगन, निष्ठा व ईमानदारी से जनसेवा की जो अलख जगाई वह सराहनीय है। आप बहुत ही मितव्ययी थे। अपने जीवन में नवलगढ़ व अन्य में सभी साथियों को होली-दिवाली की शुभकामना अपने द्वारा लिखे गये हस्तलिखित पोस्टकार्ड से दिया करते थे। समाचार ज्यादा होने पर दो पोस्टकार्ड लिख देते थे। लिफाफा का खर्चा वो नहीं करना चाहते थे लेकिन जरूरतमन्द के लिए लाखों रुपए खर्च कर देते थे।इसी अल्प बचत के द्वारा इकठ्ठे किये धन व अपनी मेहनत की कमाई को उन्होने अपने माता-पिता की याद में श्रीमती सिनगारी देवी कन्हैयालाल पाटोदिया चैरिटेबल ट्रस्ट को 1992 में बनाकर इसके माध्यम से जनसेवा करते रहे। अपनी जन्मभूमि व कर्मभूमि से जुड़े रहे। कस्बे में सार्वजनिक औषधालय को अप्रेल 95 से जुलाई 98 तक होमियोपैथी औषधालय का संचालन किया। जिससे हजारों व्यक्ति लाभान्वित हुये। उन्होनें नवलगढ़ नागरिक संघ मुम्बई की स्थापना 1997 में की। उसकी स्थानीय शाखा - नवलगढ़ में शुरू करने का श्रेय इन्हीं को जाता है। जिसके माध्यम से गरीब असहाय बच्चों की फीस एवं दवाईयां वितरण हर वर्ष लाखों रुपए में की जाती है। उन्होनें लायन्स क्लब के माध्यम से 22 वृद्ध, विधवा, विकलांग व असहाय गरीबों को पेंशन के रूप में वितरण शुरू किया जो अभी भी अलायन्स क्लब के माध्यम से चालू है। आपने स्कूलों में फर्नीचर, उदयपुरवाटी में पुस्तकालय भवन व नवयुवक मण्डल व संस्कृत विद्यालय में कमरों का निर्माण करवाया तथा मानसिंहका धर्मशाला में बरामदों का निर्माण कर लाखों रुपए खर्च किये। गाय व गरीब की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे।15 जुलाई 2002 को उनका निधन बम्बई में हृदयाघात से हो गया। अपनी अंतिम यात्रा के पहले दिन आपने मेरे से नेत्रा चिकित्सा शिविर लगाने की बाबत बात की व हमेशा नवलगढ़ के हित में नवलगढ़ वासियों से हमेशा चर्चा करते व सहयोग देते। दमा के रोगी होते हुये भी साल में दो चार-बार नवलगढ़ आ जाते।

मेरे निवेदन पर आपके सुपुत्र विजय कुमार व सुभाष पाटोदिया ने आपके द्वारा शुरू किये गये सारे कार्यक्रम उसी प्रकार से 23 सालों से अनवरत चालू है। वे महिला शिक्षा के पक्षधर थे। 15 जुलाई को महिला शिक्षा के लिए लाखों रुपए की छात्रावृत्ति बाँटी जाती है। नवलगढ़ में शिक्षण संस्थाओं का सम्मान व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, पुस्तक व कॉपी वितरण, अतिरिक्त पेंशन वितरण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, विकलांगों को सहयोग आदि कार्य करते है। एक विशाल आंखो का शिविर भी लायन्स क्लब के माध्यम से लगाया गया। आप गोपीनाथजी के मंदिर व मुक्तिधाम में लगातार हर माह आर्थिक सहयोग देते आ रहे हैं।

ट्रस्ट के माध्यम से आपके परिवार द्वारा सूरत में अस्पतालों, शिक्षा मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं के आप ट्रस्टी है। प्रतिवर्ष लाखों रूपयों का सहयोग देते आ रहे हैं। सूरत में आपकी काफी ख्याति बनी हुई है। मुम्बई मे भी नगर सेवा समिति में लाखो रूपयों का विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सहयोग कई वर्षों से कर रहे है। मुम्बई मे अन्य संस्थाओं को भी आप प्रतिवर्ष आर्थिक सहयोग देते आ रहे है। आप अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के बच्चों को शिक्षा का खर्च व चिकित्सा लाभ देते आ रहा है।

कोरोना काल में भी आपने लाखों रुपए का अनाज वितरण किया है।आपका पूरा परिवार नवलगढ़ आकर जन्मभूमि के लिए हर समय जरूरतमन्दों की सेवा में अग्रणी रहता है। स्वयं रक्तदान भी करते है। स्व.मगराज की स्मृति में श्रृद्धान्जलि देने के लिए विशाल कार्यक्रमों में उनकी राजनीतिक सहयोगी सुमित्रा सिंह, स्व. रामेश्वरजी चैधरी जो 103 वर्ष के होकर सिधारे। केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं डॉ. राजकुमार शर्मा उपस्थित होते रहे हैं। इस वर्ष आपके जन्म शताब्दी समारोह पर बहुत से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

- चार वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी का करवाया राजीनामा
- कुल 1138 मामलों का हुआ निस्तारण
- 05 करोड़ 07 लाख 96 हजार 700 रूपयों की राशि के अवॉर्ड पारित





**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में स्थानीय न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का आपसी राजीनामे व समझाईश से निस्तारण करवाये जाने को लेकर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन क्रमशः एडीजे क्रम सं. 01 सुमरथ लाल मीणा की अध्यक्षता में सदस्य राजकुमार बसीठा व द्वितीय बैच एसीजेएम सरिता यादव की अध्यक्षता में सदस्य रणजीत कुमार मीणा की सदस्यता में गठित की गई दोनों बैचों में अधिवक्तागणों ने पक्षकारों से समझाईश करते हुये चिन्हित 2294 में से 1138 मामलों का निस्तारण किया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर समेत अधिवक्तागणों ने विभिन्न प्रकरणों में राजीनामे का प्रयास किया। मोटर दुर्घटना वादों के कुल 05 करोड़ 07 लाख 96 हजार 700 रूपयों की राशि के अवॉर्ड पारित किये गये। साथ ही प्री लिटिगेशन के 2500 मामलों में जेवीवीएनएल व बैंकों के राजीनामे करवाते हुये 169 मामले निपटाये गये। साथ ही पक्षकारों द्वारा राशि भी मौके पर जमा करवाई गई। जेवीवीएनएल ने विधुत कनेक्शन विच्छेद के 41 उपभोक्ता विवादों का निपटारा कर 19.06 लाख रूपयों की राशि जमा की। साथ ही दो प्रकरणों का भी राजीनामे से निस्तारण किया गया।

इस दौरान एईएन दीपक मिश्रा, जेईएन सिटी सचिन भाटी, राजस्व अधिकारी कल्याण सहाय व सुशील जांगिड़, विवेक सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

### पति-पत्नी का करवाया राजीनामा

इस दौरान मार्च 2020 से अलग रह रहे पति-पत्नी ललित सिंह व बीना कंवर का समझाईश से राजीनामा करवाया गया। साथ ही बच्चों की संरक्षता के अन्य प्रकरण का भी निस्तारण करवाया गया।

# राजकीय उपस्वास्थय केन्द्र में किया पौधरोपण



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** गांव कारी की वीनादास की ढाणी के राजकीय उपस्वास्थ्ये केंद्र में स्व.पोकर राम सैनी व गोरा देवी की याद मे हरयालो राजस्थान अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस मौके पर डा. सुजीत जांगिड़ ,नर्स सविता ,मास्टर महेन्द्र , प्रहलाद, विनोद, सुल्तान,भादर माल,विजेंद्र ,सुनील धायल व भामाशाह परिवार सदस्य रमेश सांखला, मंजू आदि मौजूद रहे। गौरतलब है की अपनी माता पिता की याद को जिन्दा रखने के स्वास्थ्य केंद्र के लिए उपरोक्त भामाशाह ने भूमि दान की थी।

# ढिगाल में पौधारोपण अभियान के तहत मोक्षधाम में 51 पौधें लगाये



**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** ढिगाल गांव में भैरव धाम सेवा समितिऔर नरेन्द्र सेवा जागृति संस्थान के सयुक्त तत्वावधान में सेवानिवृत्त मिलिट्री इंजिनियर जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में मानसून कि बारिश के साथ एक व्यक्ति एक पेड़ अभियान के तहत पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गयी।

सेवा समिति संयोजक नर्सिंग ऑफिसर राजेश मीणा ढिगाल ने बताया कि मोक्षधाम और सार्वजनिक जगहों पर युवाओं की टीम द्वारा पौधें लगायें गये ओर सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ पौधें लगाने के लिये प्रेरित किया ओर साथ साथ पौधें वितरण का कार्यक्रम भी रखा गया। पौधारोपण अभियान के तहत छायादार और फलदार पेड़ लगाए गए और उनकी नियमित देखभाल ओर सार सम्भाल कि जिम्मेदारी दी गयीं। इस मौके पर प्रकाश मीणा, महेंद्र सिंह, सुभाष पुजारी, बनवारी लाल जांगिड़, राकेश मीणा, गोरू, सुभाष चन्द्र, धर्मवीर उपस्थित रहें।



# 'पेपर बैग दिवस' पर कार्यक्रम आयोजित

**पिलानी (सीमा सन्देश सं)।** बीके बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के द्वारा "पेपर बैग दिवस" पर लेफ्टिनेंट अनिल कुमार व पीआई तेजपाल सैनी के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेटस ने पेपर बैग बनाकर 'प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करे' का संदेश दिया। लेफ्टिनेंट अनिल कुमार ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता बढ़ाने और कागज के थैलों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

# नवलगढ़ के सुमित सैनी ने सीए में हासिल की सफलता



**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे के गणेशपुरा निवासी सुभाष सैनी के पुत्र सुमित सैनी ने सीए इंटरमिडीएट में सफलता हासिल कर अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया है।सिकाई के राजभोग के लिए प्रसिद्ध भगवानजी हलवाई के पौत्र सुमित सैनी की सफलता पर परिवार में हर्ष का माहौल रहा। लोगों व रिश्तेदारों ने सुमित के पिता सुभाष सैनी तथा मम्मी सुमित्रा को बधाई दी। सुमित के ताऊ गिरधारी लाल सैनी, ताई पुष्पा देवी, बनवारी लाल, मानवाधिकार कमेटी जिलाध्यक्ष नरेश सैनी, ताई सुनीता देवी, भाई बाबूलाल, कपिल, अनिल कुमार, अशोक कुमार, आलोक, संजू, राहुल, बहन रजनी, मधु, रेणु, खुशबू, संध्या समेत अन्य परिवारजनों ने सुमित के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यार्थियों को बांटे पौधे

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** कस्बे के लादूराम रामदेव बेसवाल राजकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान (पर्यावरण अमृत महोत्सव)के तहत कार्यक्रम हुआ। संस्था प्रधान महेंद्र कुमार कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद नरोत्तम कुमावत ने की। इस दौरान विद्यार्थियों को पौधे वितरीत कर उनकी सार संभाल का संकल्प दिलाया गया। अतिथियों ने पर्याववरण संरक्षण में पेड़-पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफकर्मी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# स्व. राजेश सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान किया

**पिलानी (सीमा सन्देश सं)।** स्व. राजेश सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर खटोड़ रानी सती मंदिर परिसर में किया गया। शिविर का शुभारंभ राजेश सैनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शिविर में स्वर्गीय राजेश सैनी के पिताश्री कुरड़ाराम जी सैनी, महेश सैनी, इंद्र सैनी एवं उनके परिवार जनों ने पुष्प अर्पित किये ` रक्तदान शिविर मे सर्व समाज के लोगों एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। शिविर मे 143 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानितकिया गया। कार्यक्रम में ईश्वरलाल बृजलाल निशांत पापटान, महेश सैनी योगेश सैनी विजेंद्र ,मुकेश मयंक रमाकांत सैनी आदि सर्व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# एम डी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के बच्चों ने किया पौधरोपण

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** झुंझुनू रोड़ स्थित एम. डी. लिटिल फ्लावर स्कूल में ह्यएक पौधा देश के नाम एक पौधा माँ के नामह्व अभियान के तहत सत्ता दादा मंदिर ओजटू परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था निदेशक श्री सुनील कुमार डांगी एवं श्रीमती समित डांगी ने पेड़ लगाकर किया। संस्था निदेशक सुनील कुमार डांगी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण करना जरुरी है। पेड़ प्रकृति की अनुपम देन है। हमें केवल पौधे रोपित करने तक नही रहना चाहिए। बल्कि पौधों को वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि सभी अपने घर आँगन में एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। पौधारोपण कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा 101 छायादार पौधें लगाये गये। इस दौरान कोर्डिनेटर उदित योगी, दीपाली शर्मा व अध्यापक सुनील श्योराण, निधि शर्मा, मनीषा योगी, मनीष शर्मा, पायल गोयल, ज्योति, संदीप, अमन, रजनीकांत, रोमिल, सोनम, अंजना, आरती, सीमा, पुष्पा, अमितांश, निर्मला, अनीता जांगिड, मंजू, चेतना, कोमल, बबिता लाटा , उज्वल आदि स्टाफ सदस्य ने सहयोग किया।

# स्वतंत्रता सेनानी, उद्योगपति मगराज पाटोदिया के जन्म शताब्दी समारोह के तहत आज से होंगे कई कार्यक्रम

**नवलगढ (सीमा सन्देश सं)।** स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, उद्योगपति स्व. मगराज पाटोदिया के जन्म शताब्दी समारोह के तहत नवलगढ़ में कई कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर 14 जुलाई को जांगिड अस्पताल में निःशुल्क दमा व पुरानी खांसी जुकाम आदि का शिविर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक लगाया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ विपिन महला द्वारा जांच व उपचार किया जाएगा। एक्स रे, ब्लड सुगर व स्पायरोमीटरी जांच निःशुल्क की जाएगी। गरीब लोगों को निःशुल्क दवाई भी दी जाएगी। 15 जुलाई को शाम चार बजे वर्मा हवेली में श्रदांजलि, छात्रवृति, 10 वीं व 12 वीं टॉपर्स का सम्मान, अध्यापकों व अभिभावको सहित उत्कृष्ट सेवा का सम्मान समारोह होगा। शाम छह बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुमित्रासिंह करेगी। मुख्य अतिथि झुंझुनूं सांसद बृजेन्द्र ओला होंगे। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ राजकुमार शर्मा होंगे। इसके अलावा आशा का झरना व गौशाला में भी कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में शहर के आमंत्रित लोग तथा पाटोदिया परिवार के सदस्य भाग लेंगे। कार्यक्रम श्रीमती सिनगारी देवी कन्हैयालाल पाटोदिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से अलायंस क्लब द्वारा आयोजित होंगे। पाटोदिया परिवार के विजय कुमार, सुभाष पाटोदिया तथा अलायंस क्लब के पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दयाशंकर जांगिड ने सभी आगंतुक मेहमानो से समय पर भाग लेने की अपील की है। ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

# बीटीटीआई के 93 पॉलिटेक्निक इंजीनियर्स को मिला रोजगार



**पिलानी (सीमा सन्देश सं)।** बिरला तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान पिलानी के 93 स्टूडेंट्स को कैंपस प्लेसमेंट में रोजगार मिला है। प्राचार्य मनोज कुमार गौड़ ने बताया कि उत्पादन के क्षेत्र में बढ़ोतरी के कारण कंपनियों में तकनीकी रुप से सक्षम युवाओं की मांग बढ़ रही है। उन्होने बताया कि कृष्णा मारुति लिमिटेड, मानेसर (हरियाणा) के एजीएम एचआर सुरेंद्र शर्मा व उनके सहयोगी हरीश कौशिक ने संस्थान के स्टूडेंट्स का साक्षात्कार के आधार पर 93 स्टूडेंट्स का चयन किया है। प्लेसमेंट सेल अधिकारी प्रशांत अग्रवाल व नितेश कोठारी ने बताया कि कंपनी ने इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रोनिक्स, कंप्यूटर साइंस व मैकेनिकल इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स को कंपनी के मानेसर प्लांट में ज्वाईन करने का ऑफर दिया है। संस्थान निदेशक डॉ. एसएम प्रसन्न कुमार व जीएम कर्मिशियल केके पारीक ने चयनित स्टूडेंट्स को बधाई देते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपप्राचार्य निरंजन शर्मा, शेरसिंह, प्लेसमेंट सेल अधिकारी प्रशांत अग्रवाल व नितेश कोठारी, मुकेश कौशिक सहित स्टाफ सदस्य व स्टूडेंट्स मौजूद थे।

**मांग** सरकार को चुनावी माहौल में जीत की जुगत लगाने के अलावा कुछ नहीं सूझता

# लग जाऐं चाहें कितने ही साल नहर की मुहिम जारी रखेंग



**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** सिंघाना सड़क मार्ग बस स्टैण्ड लालचौक पर नहर की मांग किसानों का धरना किसान सभा के बैनर तले किसान धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में आज 194वें दिन भी जारी रहा। धरने पर आज किसानों ने कहा है कि अभी आज से चौथे दिन हमारे यमुना नहर मुहिम आन्दोलन को शांतिपूर्ण 200 दिन पूरा हो जाएगा । अतः हम उस दिन सरकार के लिए शद्बुद्धि यज्ञ करेंगे और गायत्री मंत्र का जाप भी करेंगे। जिससे सरकार को शांतिपूर्ण बैठे किसानों की बात की तरफ ध्यानाकृष्ट हो। वरन सरकार को चुनावी माहौल में जीत की जुगत लगाने के अलावा कुछ नहीं सूझता है।

शेखावाटी क्षेत्र 300300 किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसने बड़े शुष्क इलाके में पानी की आ रही भारी समस्या को तो कोई ओर उपर आसमान से आऐंगे वो सुधार करेंगे। सरकार की कोई ड्यूटी नहीं है हम तो सिर्फ वोट लेलें, मंत्री बनकर ऐश करो। इतनी बड़ी सरकार की हठधर्मिता व लापरवाही इस शेखावाटी को तो ले ही डुबेगी परन्तु खैर सरकार की भी नहीं है ।जनता जनार्दन सब देख रही है सब फैसला कर देगी। नहर आन्दोलन से बीजेपी सरकारों ने यह बहाना बना कर दूरी बनाकर टालने का मानस बनारखा है कि शेखावाटी नहर आन्दोलन कांग्रेस का प्रोजेक्ट है। जबकि ये महामारी पानी की है। जीवन बचाने के लिए सीधी समस्या है इस गैर राजनीतिक आन्दोलन को पार्टी से जोड़ना कोरी थोथी जाड़ पिसाई करते हुए पल्ला झाड़ते फिरने व काम नहीं करने की जिद्द है। काम या तो करना नहीं चाहते या इनके वश में नहीं है। और वश में नहीं है तो छुपते छुपाते क्यों फिरते हैं जनता जनार्दन के साथ आन्दोलन पर उतरना होगा। यहि एकमात्र समाधान है। धरने पर आज पचास किलोमीटर दूर से पहुंचे युवा किसानों प्रमोद कुमार सिलसला व दिनेश कुमार बडबर ने कहा कि हमारे गांवों में पानी बिलकुल सूख चूका है । और ऐसे में हमारे पुस्तैनी रोजगार कृषि का ह्रास हुआ है जिसकी भरपाई अन्य कोई रोजगार नहीं है जो करदे । यदि सरकार नहर प्रदान करदे तो शेखावाटी का यह रोजगार फिर से जीवित हो उठेगा और यहां का नागरिक सम्मान के साथ सिर उठाकर जीने योग्य हो जाऐगा।हम किसानों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर इनके समर्थन में खड़े हो गए हैं आन्दोलन बहुत बड़ा होगा। सरकार को नहर के लिए कोई ठोस फैसला लेकर शेखावाटी को जिंदा करने की कोशिश करनी चाहिए । धरने पर आज किसान सभा के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष महेश चाहर, जिला उपाध्यक्ष बजरंग बराला,नहर आन्दोलन प्रवक्ता विजेन्द्र शास्त्री, महिला विंग कमांडर सुनिता, किसान नेता रणधीर सिंह ओला, सुनिता बेनिवाल, मधु पुहानियां, ताराचंद तानाण, नौजवान सभा के जयन्त चौधरी, शोभानन्द,सौरभ सैनी,सन्दीप तानाण, करण कटारिया,सन्दीप सैनी, राहुल, विनोद,गौरधन, जगराम योगी, सतवीर चाहर, जयसिंह हलवाई, राजेश चाहर आदि मौजूद रहे।


pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट –4–क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई–नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय :–9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली–110001 फोन:–011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
भिवाड़ी शाखा: –पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ए–10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी–301019, राजस्थान, बीकानेर शाखा: –पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बी–46–बी, द्वितीय तल, सादुल गंज, बीकानेर–334002. जोधपुर शाखा:– पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्लॉट–17, तृतीय तल, के.पी. टावर, अपर चोपासनी रोड, बॉम्बे मोटर सर्कल के पास, बलदेव नगर, जोधपुर राजस्थान–342003.

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर–डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर–सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार "जैसी है जहां है", जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर बेची जाएगी। एतद्द्वारा कालम नंबर –ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामत: www.pnbhousing.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

| ऋण संख्या, कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए) | मांग सूचना मांग की राशि और तारीख (बी) | कब्जा का प्रकार (सी) | बंधक रखी सम्पत्तियों का विवरण (डी) | आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई) | ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ) | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी) | बोली वृद्धि राशि (एच) | निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई) | नीलामी की तिथि एवं समय (जे) | ज्ञात ऋणभार/न्यायालय मामला, यदि कोई, (के) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HOU/BHI/0717/407212, बी.ओ. भिवाड़ी, दिल बहादुर/देवी खत्री छेत्री | 21.02.2022 तक रु. 507429.26 | भौतिक कब्जा | टॉवर एल–28, 203, बीडीआई आनंद, गांव झिवाना और खातीवास, तहसील तिजारा, जिला–अलवर, राजस्थान–05001, भारत। माप 550 वर्ग फीट। | रु. 540000 | रु. 54000 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| HOU/UDA/0522/992115, बी.ओ. चित्तौड़गढ़, ममता भाटी/ललित सिंह भाटी | 07.12.2023 तक रु. 2119656.03 | प्रतीकात्मक कब्जा | 8, मानपुरा, गोपालनगर, चित्तौड़गढ़, राजस्थान–323927 | रु. 2077000 | रु. 207700 | 29.07.2024 | रु. 20,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| NHL/JPR/1218/619613, NHL/JPR/0717/410147 बी.ओ. भीलवाड़ा, कुलदीप सिंह/बलवीर कौर दमनप्रीत सिंह | 16.01.2024 तक रु. 6021398.98 | प्रतीकात्मक कब्जा | हाउस नं. 137–बी, सुभाष नगर एक्सटेंशन ईस्ट–I, श्रीराम मंदिर के पास, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 | रु. 9495000 | रु. 949500 | 29.07.2024 | रु. 20,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| HOU/BHI/0217/356189, बी.ओ. भीलवाड़ा, तन्मय सिंहा एवं श्रीमती सोमा दास/सोमा दास | 17.01.2023 तक रु. 958985.51 | भौतिक कब्जा | यूनिट नं. 1005, 10वीं मंजिल, टॉवर सी–4, एवलॉन होम्स, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019, भारत। माप 460 वर्ग फीट। | रु. 666000 | रु. 66600 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| HOU/BHI/0422/978796, बी.ओ. भीलवाड़ा, जगदीश जगदीश/वर्षा वर्षा | 16.03.2023 तक रु. 505457.88 | भौतिक कब्जा | फ्लैट नंबर 7/सी/15, सेक्टर 4 और 7, आरएचबी भिवाड़ी, अलवर, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019 | रु. 345000 | रु. 34500 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| HOU/BHI/0821/909347, बी.ओ. भीलवाड़ा, सोनी देवी/विनोद शाह | 12.05.2023 तक रु. 1427070 | भौतिक कब्जा | फ्लैट–नं.–002, ग्राउंड–फ्लोर, टॉवर–ए1, एवलॉन रेजीडेंसी, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान–301019, भारत। | रु. 972000 | रु. 97200 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| NHL/JDH/0418/519600, बी.ओ. जोधपुर, श्री चंद्र खेताराम/ रवि सेन | 23.06.2021 तक रु. 1641795.85 | भौतिक कब्जा | 4/32, कमला नेहरू नगर हाउसिंग बोर्ड, पाली राजस्थान– 306401 | रु. 1451000 | रु. 145100 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| 00276660000803,00276700001234, बी.ओ. बीकानेर, श्री सुशील कुमार माली /कमला देवी माली, मुनि लाल नाई, अर्जुन सिंह और श्रवण कुमार माली, | 21.12.2018 तक रु. 1279939.75 | भौतिक कब्जा | वार्ड नं. 19, मोहनपुरा, कच्ची बस्ती, पानी की टंकी के पास, नोखा, जिला– बीकानेर, राजस्थान– 33480 | रु. 1256000 | रु. 125600 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| HOU/BHI/0519/696305, बी.ओ. भीलवाड़ा, अजीत खरमानिया/नीतू खरमानिया | 12.07.2021 तक रु. 2,030,820.70 | भौतिक कब्जा | फ्लैट नंबर ए–303, ग्रैंड्योर(होल्ड), सेक्टर 56, तहसील तिजारा जिला अलवर, भिवाड़ी, राजस्थान–301019, भारत। क्षेत्रफल 770 वर्ग फीट | रु. 1388000 | रु. 138800 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |
| HOU/BHI/0919/746666, बी.ओ. भीलवाड़ा, राजीव कुमार/रजनी वर्मा | 17.12.2021 तक रु. 1860879.17 | भौतिक कब्जा | टावर जी,10,1006, कैपिटल ग्रीन, खसरा नंबर 838/917, 839/919, 840, 841 गांव–मिलकपुर भिवाड़ी, जिला अलवर (राजस्थान), भिवाड़ी, राजस्थान–305203,भारत। क्षेत्रफल 1017 वर्ग फीट | रु. 1347000 | रु. 134700 | 29.07.2024 | रु. 10,000 | 20.07.2024 पूर्वा.10.00 बजे से अप. 5.30 | 30.07.2024 अप.12.00 बजे से अप. 2.30 | Not Known |

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। "पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर–के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है।

1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है।
2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर–के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती है तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(स) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती है। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे।
3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफ़ॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा।
4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर–44, गुरुग्राम, हरियाणा–122003 वेबसाइट – www.bankeauctions.com सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी रवि कुमार, अश्वनी कुमार शर्मा संपर्क नंबर 1800 120 8800, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा www.pnbhousing.com पर देखे

स्थान: राजस्थान, दिनांक: 14-07-2024 — प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड